# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच सीमा पर कड़ी सुरक्षा

## सिद्धार्थनगर जिले में समस्त सीमावर्ती थानों को अलर्ट मोड के दिए निर्देश

**बस्ती 11 सितम्बर ( वार्ता ). उत्तर प्रदेश में बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक ( डीआईजी ) संजीव त्यागी ने गुरूवार को कहा है कि नेपाल की हालत को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के साथ-साथ सिद्धार्थनगर जिले में समस्त सीमावर्ती थानों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया है.**

उन्होंने बताया है कि सिद्धार्थनगर जनपद नेपाल की सीमा से सटा हुआ है नेपाल की स्थित को देखते हुए बढ़नी, ककरहा, अलीगढ़वा सहित अन्य सीमा क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है तथा सीमावर्ती सभी थानों को




अलर्ट मोड पर रखा गया है. सीमा पर एसएसबी के जवानों द्वारा चौकसी बरती जा रही है तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी हाई अलर्ट मोड पर है. वर्तमान समय में भारत की सीमा पर सुरक्षा के प्रबन्ध किये गये है .उन्होंने बताया कि सिद्धार्थनगर से सटे नेपाल के कृष्णानगर में सभी प्रकार के वाहनों पर प्रतिबन्ध लगाने का निर्देश दिया गया है और भन्सार कार्यालय को अग्रिम आदेश तक बन्द रखने का भी निर्देश दिया गया है. गाड़ियों को सुरक्षित स्थानों पर रोका जा रहा है. नेपाल सीमा की तरफ जाने वाली बढ़नी, ढेबरूआ, चिल्हिया, कपिलवस्तु, इटवा सहित अन्य मार्गो पर भी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा निगरानी किया जा रहा है. वहां पर लगे सभी सीसी टीवी कैमरों को पूरी तरह से सक्रिय रखा गया है.

### बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की छात्रा रहीं सुशीला

पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को देश की अगली प्रधानमंत्री चुना गया. जेन की लहर में यह बदलाव आया है, जिसने अनुभव और ईमानदारी को महत्व दिया. बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी की छात्रा रहीं सुशीला ने बीएचयू की यादों को ताजा करते हुए भारत से जुड़े अपने अनुभव साझा किए. उनका ये बयान दोनों देशों के बीच रिश्तों को नई ऊर्जा देने वाला माना जा रहा है.

# अकोला दंगों के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठन

**नई दिल्ली, 11 सितंबर.** उच्चतम न्यायालय ने 2023 में महाराष्ट्र के अकोला में हुए दंगों के मामले की जांच के लिए गुरुवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करने का निर्देश दिया. न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस संबंध में आदेश पारित करते हुए कहा कि एसआईटी में हिन्दू और मुस्लिम दोनों समुदायों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल किए जाएंगे. पीठ ने दंगों के दौरान एक हत्या मामले के चश्मदीद गवाह होने का दावा करने वाले मोहम्मद अफजल मोहम्मद शरीफ की विशेष पर अनुमति याचिका यह फैसला सुनाया.

# सीआरपीएफ का पत्र, राहुल गांधी ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया



**नई दिल्ली11 सितंबर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है.**

सीआरपीएफ का कहना है कि पिछले नौ महीनों में राहुल गांधी छह बार विदेश यात्रा पर गए, लेकिन एजेंसियों को सूचना नहीं दी. इस तरह की चूक+ श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था को कमजोर कर सकती है. श्रेणी सुरक्षा प्राप्त कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ सीआरपीएफ ने सुरक्षा प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाने वाला एक पत्र भेजा है. यह पत्र कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को निर्देशित है जिसमें आरोप है कि राहुल गांधी ने पिछले नौ महीनों में बिना सूचना दिए छह बार विदेश यात्रा की हैं. इसमें इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की यात्राएँ शामिल हैं. सीआरपीएफ ने यह चेतावनी भी दी है कि इस तरह के उल्लंघन से राहुल गांधी की सुरक्षा कवर में कमजोरी आ सकती है और उनकी सुरक्षा पर संभावित खतरा उत्पन्न हो सकता है. सुरक्षा श्रेणी के तहत, एक व्यक्ति को येलो-बुक प्रोटोकॉल व एडवांस सिक्योरिटी लाइजन के तहत गतिविधियों, यात्रा और कार्यक्रमों की जानकारी पहले से देनी होती है ताकि सुरक्षा एजेंसी खतरा आकलन कर सके.

### विदेश दौरे पर सुरक्षा उल्लंघन का आरोप

सीआरपीएफ के अनुसार, पिछले 9 महीनों में राहुल गांधी 6 बार विदेश गए हैं और हर बार उन्होंने सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया. इनमें से किसी भी दौरे की सूचना एजेंसी को पहले से नहीं दी गई, जिससे सुरक्षा तंत्र को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया गया, तो राहुल गांधी की सुरक्षा पर खतरा बढ़ सकता है। सीआरपीएफ ने कांग्रेस नेतृत्व से आग्रह किया है कि वे राहुल गांधी को सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सुनिश्चित करें।

सीआरपीएफ ने पत्र में यह भी लिखा है कि ये घटनाएं नई नहीं हैं; एजेंसी ने पहले भी इस तरह की सुरक्षा चूक की शिकायतें की हैं. सीआरपीएफ का दावा है कि राहुल गांधी ने समय-अनुसूचित सुरक्षा दिशानिर्देशों का उल्लंघन कई बार किया है, यह जानकारी उन्हें समय-समय पर दी गई है. कांग्रेस की तरफ से प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि सुरक्षा इंतजाम पूरे हैं और प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों की जांच होनी चाहिए. राजनीतिक पृष्ठभूमि होने के चलते यह मामला सार्वजनिक और मीडिया में विवाद का विषय बन चुका है. इस पत्र से सामने आया है कि सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिलने में देरी या अनुपस्थिति सुरक्षा योजना को प्रभावित करती है.

# आयकर विभाग का रेड टेप कंपनी के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी

**नोएडा 11 सितंबर ( वार्ता ). उत्तर प्रदेश स्थित गौतमबुद्धनगर जिले में आयकर विभाग ने लेदर का बड़ा कारोबार करने वाली कंपनी रेड टेप के नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर के विभिन्न ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी की.**

रेड टेप कंपनी का लेदर का बड़ा कारोबार जिसका कारखाना कानपुर में है जहां से विभिन्न वस्तुओं के इस्तेमाल से महंगे जूते चप्पल आदि बनाने वाली कंपनी के ठिकानों पर की जा रही है छापेमारी की कार्रवाई. रेड टेप द्वारा बनाए जाने वाले अपने महंगे स्टाइलिश सामान की बिक्री से विख्यात रेड टेप ब्रांड कंपनी कभी अपने कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बड़े फिल्मी सितारों को बनाती थी. काफी लंबे समय से रेड टेप कंपनी जूतों और चप्पलों सहित कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग कर सेल करती थी भारत सहित विदेश में इस कंपनी के हजारों ब्रांच हैं और लाखों इसके ग्राहक भी. अब इस कंपनी के नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत कानपुर में आयकर विभाग की टीमों द्वारा एक साथ छापेमारी की जा रही है . नोएडा व ग्रेटर नोएडा में रेड टेप के कम्पनी के ठिकानों सहित चिन्हित विभिन्न जगहों पर कई टीमों द्वारा छापेमारी कर खंगाले जा रहे दस्तावेज. सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों के हाथ कई अहम दस्तावेज लगे हैं.

# गाजा जा रहे जहाज में आग की घटना सुनियोजित हमला थी

**ट्यूनिस, 11 सितंबर.** ट्यूनीशिया ने गाजा जाने के दौरान फैमिली जहाज में लगी आग की घटना को सुनियोजित हमला बताया है. ट्यूनीशिया के गृह मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि वह इस घटना की जाच शुरू कर रहा है. ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के सबसे बड़े जहाज फैमिली में मंगलवार तड़के आग लग गयी थी. इस हादके के समय जहाज सिदी बू सैद बंदरगाह पर खड़ा था. ट्यूनीशियाई अधिकारियों की ओर पहले जारी बयान में कहा गया था कि आग लाइफ जैकेट के ढेर में लगी थी और जल्दी ही उस पर काबू पा लिया गया. किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

# आप नेताओं को किया नजरबंद : केजरीवाल

**नई दिल्ली, 11 सितंबर ( वार्ता ) . आम आदमी पार्टी ( आप ) ने भाजपा पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके सांसद संजय सिंह को श्रीनगर स्थित सरकारी गेस्ट हाउस में नजर बंद किया गया है.**

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को एक वीडिया एक्स पर साझा कर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला हमारे सांसद संजय सिंह से मिलने गेस्ट हाउस पहुंचे लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने तक नहीं दिया. श्री सिंह को नजरबंद कर रखा है. जनता की आवाज दबाई जा रही है, विपक्ष के नेताओं को कैद किया जा रहा है. भाजपा खुली गुंडागर्दी पर उतर आयी है. उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला जो कि मौजूदा मुख्यमंत्री के पिता हैं, उन्हें भी आप राज्यसभा सांसद से उन्हीं के राज्य में मिलने नहीं दिया जा रहा है. ये सरासर गुंडागर्दी और तानाशाही है. सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बहुत दु:ख की बात है कि जम्मू-कश्मीर के कई बार मुख्यमंत्री रहे डॉ. अब्दुल्ला पुलिस द्वारा मुझे हाउस गिरफ्तार किए जाने की खबर पाकर मुझसे मिलने सरकारी गेस्ट हाउस में आए, उन्हें मिलने नहीं दिया गया. ये तानाशाही नहीं तो और क्या है?

आज मेहराज मलिक की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ श्रीनगर में संवाददाता सम्मेलन और धरना था लेकिन सरकारी गेस्ट हाउस को पुलिस छावनी बना दिया गया है. मुझे, पूर्व मंत्री इमरान हुसैन और साथियों को गेस्ट हाउस से बाहर निकलने की इजाजत नहीं है. आप की वरिष्ठ नेता व नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है. तानाशाही अपने चरम पर है. हमारे सांसद संजय सिंह श्रीनगर पहुंचे थे, ताकि विधायक श्री मलिक की अवैध गिरफ्तारी के खिलाफ संवादादाता सम्मेलन और धरना दे सकें, लेकिन भाजपा इतनी बौखलाई हुई है कि हमारे नेताओं को गेस्ट हाउस में ही कैद कर लिया गया.



## एक नजर में



### वायु रक्षा प्रणालियों ने 17 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

**मास्को, 11 सितंबर.** रुस के रक्षा मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रूसी क्षेत्रों में घुसे 17 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट कर दिए हैं. मंत्रालय ने जारी बयान में कहा, पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 17 यूक्रेनी विमान-प्रकार के मानवरहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया. मंत्रालय के मुताबिक वोरोनिश क्षेत्र में छह ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में पांच, ब्रांस्क और कुर्स्क क्षेत्रों में दो-दो, और लिपेत्स्क और तांबोव क्षेत्रों में एक-एक ड्रोन मार गिराया गया.

### इजरायली हमले में लापता लोगों की तलाश जारी

**दोहा, 11 सितंबर (वार्ता).** कतर की राजधानी दोहा में वरिष्ठ हमास नेताओं को निशाना बनाकर किए गए इज़रायली हमले में मारे गए पांच लोगों में से तीन के शवों की पहचान कर ली गयी है जबकि दो की पहचान करना अभी शेष है. कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान अल थानी ने सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार में ये जानकारी दी. उन्होंने हमास के मुख्य वार्ताकार खलील अल-हय्या के बारे में कुछ नहीं बताया. उन्होंने कहा, इज़रायल की कार्रवाई राजकीय आतंक के समान है और उन्हें उम्मीद है कि कतर के क्षेत्रीय साझेदार सामूहिक प्रतिक्रिया पर सहमत होंगे. शेख मोहम्मद ने यह भी कहा कि उन्हें डर है कि इजराइली हमले ने गाज़ा में बचे हुए 48 बंधकों के लिए किसी भी उम्मीद को खत्म कर दिया है, जिनमें से 20 के जीवित होने की संभावना है.


### ट्रांस-यमुना क्षेत्र में 18 नए बस रूट की पहचान

**नईदिल्ली, 11 सितंबर.** दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आईआईटी दिल्ली की तकनीकी सहायता से रूट रेशनलाइजेशन के बाद यहां ट्रांस-यमुना क्षेत्र में 18 नए बस रूट की पहचान की गई है. डॉ. पंकज ने कहा कि आईआईटी दिल्ली की तकनीकी सहायता से रूट रेशनलाइजेशन के बाद ट्रांस-यमुना क्षेत्र में 18 नए बस रूट की पहचान की गई है. रूट रेशनलाइजेशन का मुख्य उद्देश्य दिल्ली के अंतिम छोर तक डीटीसी बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाकर उन क्षेत्र को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने के साथ यात्री फ्रेंडली बनाकर जाम की समस्या कम करने के साथ मेट्रो स्टेशनों और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों के साथ लास्ट-माइल कनेक्टिविटी को और सशक्त करना है. रूट रेशनलाइजेशन के जरिए हजार से अधिक स्टॉप को जोड़ने के साथ ज्यादातर उन इलाकों तक बसों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का प्रयास किया गया है, जहां पहले बस सेवा की पहुंच नहीं थी. उन्होंने कहा कि पहले से वंचित रहे इलाकों तक बस सेवा पहुंचने से दिल्लीवासियों को राहत मिल सकेगी.

# अमेरिकी बैंकों की बढ़ रही है चिंता

### ट्रम्प की व्यापार नीति से हो रहा नुकसान

**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली 11 सितंबर. गोल्डमैन सैक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ( सीईओ ) डेविड सोलोमन भी अमेरिका के बैंकिंग क्षेत्र के उन दिग्गज नाम की सूची में जुड़ गए हैं जिनका मानना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्यापार नीति से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ना शुरू हो गया है.**



इन लोगों की चिंता है कि ट्रम्प की नीतियां मंदी का कारण बन सकती हैं क्योंकि राष्ट्रपति ट्रंप का व्यापार युद्ध विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर रहा है. गोल्डमैन सैक्स ग्रुप के सीईओ ने बुधवार को अमेरिकी समाचार चैनल सीएनबीसी के साथ बातचीत में कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमने कुछ रोज़गार आँकड़े देखे हैं जो संकेत देते हैं कि कुछ नरमी आई है. मुझे लगता है कि आपको इस पर बहुत बारीकी से नज़र रखनी होगी. अगस्त में अमेरिकी थोक मुद्रास्फीति में अनुमानों के विपरीत आई गिरावट के बावजूद सोलोमन ने कहा कि उन्हें लगातार कीमतों में बढ़ोतरी के संकेत दिखाई दे रहे हैं.

उन्होंने कहा, व्यापार नीति पर अभी भी बातचीत चल रही है और उसे लागू किया जा रहा है. यह सब कहाँ तक पहुँचेगा, इस बारे में अनिश्चितता है और मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि इसका आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव पड़ रहा है. इससे पहले जेपी मॉर्गन चेज़ एंड कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेमी डिमन ने मंगलवार को कहा था कि अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है,और रोजगार आंकड़ों में जिस तरह का संशोधन हुआ है उससे उनके बैंक के पहले के अनुमान की पुष्टि हुई है.

# रूसी सेना में शामिल होने के प्रस्तावों के झांसे में न आएं : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली 11 सितंबर. रूस की सेना में कुछ भारतीय नागरिकों की भर्ती की मीडिया रिपोर्टों के बीच विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव के झांसे में ना आए क्योंकि इसमें कई जोखिम हैं.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती से संबंधित मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारतीय नागरिकों को इस तरह के प्रस्ताव से दूर रहना चाहिए क्योंकि इसमें खतरे हैं. उन्होंने कहा, हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें देखी हैं. सरकार ने पिछले एक साल में कई मौकों पर इस तरह की कार्रवाई में निहित जोखिमों और खतरों को रेखांकित किया है और तदनुसार भारतीय नागरिकों को आगाह किया. रूसी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है और अनुरोध किया है कि इस प्रथा को समाप्त कर हमारे नागरिकों को वापस भेजा जाना चाहिए. प्रवक्ता ने कहा विदेश मंत्रालय प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में भी हैं. जायसवाल ने कहा, हम एक बार फिर सभी भारतीय नागरिकों से रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव से दूर रहने का आग्रह करते हैं.

## आज का इतिहास

1781 जॉर्ज वॉशिंगटन ने कॉर्नवॉलिस से लड़ने के लिए दक्षिणी सैनिकों को स्थानांतरित करना प्रारम्भ किया।

1794 नॉर्थवेस्टर्न ओहियो में फॉलन टिम्बर की लड़ाई लड़ी गई।

1847 अमेरिकी सैनिकों ने चुरुबुस्को की लड़ाई में मैक्सिकन सैनिकों को हराया।

1953 फ्रांसीसी सेनाओं ने मोरक्को के सुल्तान सीदी मो. बिन यूसुफ को गददी से हटाया।

1953 फ्रांसीसी सरकार ने मोरक्को के राजा मोहम्मद वी को बाहर कर, उसे कोर्सिका में बंदी बना दिया।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में आरोपों को खारिज किया

**नई दिल्ली 11 सितम्बर ( वार्ता ). भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 60 वें सत्र में उसके खिलाफ स्विट्जरलैंड की टिप्पणियों का जोरदार तरीके से खंडन किया.**

इन्हें आश्चर्यजनक, सतही तथा गलत जानकारी पर आधारित बताया और कहा कि स्विट्जरलैंड को इसके बजाय नस्लवाद और विदेशी-द्वेष जैसे अपने घरेलू मुद्दों से निपटने की दिशा में कदम उठाने चाहिए. स्विट्जरलैंड के एक प्रतिनिधि ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के सत्र में दुनिया भर में मानवाधिकारों की स्थिति पर एक सामान्य बहस के दौरान कहा कि भारत को अल्पसंख्यकों की रक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा मीडिया के अधिकारों को बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए. अभी स्विट्जरलैंड यूएनएचआरसी का अध्यक्ष है. जिनेवा में भारत के स्थायी मिशन में परामर्शदाता के रूप में कार्यरत भारतीय राजनयिक क्षितिज त्यागी ने स्विस आरोपों को सरासर गलत बताते हुए खारिज कर दिया. उन्होंने कहा कि यह भारत की वास्तविकता को नहीं दर्शाते. उन्होंने कहा, अध्यक्ष महोदय, हम अपने घनिष्ठ मित्र और साझेदार स्विट्ज़रलैंड द्वारा की गई आश्चर्यजनक, सतही और अज्ञानतापूर्ण टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया देना चाहेंगे.

# हमेशा होने वाले चुनाव देश की प्रगति में बाधा : शिवराज

### मंत्री ने एक चुनाव कार्यक्रम में सहभागिता कर संबोधित किया

**नई दिल्ली/सतना, 11 सितंबर 2025, केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरूवार को मध्य प्रदेश में सतना प्रवास पर थे.**



सिंह ने मैहर शारदा मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया और देश व प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की, वहीं उन्होंने सतना के एक्सिलेंस कॉलेज में आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव कार्यक्रम में सहभागिता कर छात्र-छात्राओं को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे देश में कुछ हो या ना हो लेकिन पांचों साल, 12 महीने, 365 दिन चुनाव की तैयारी जरूर चलती है और ये बार-बार होने वाले चुनाव देश के विकास में बाधा है, इसलिए संविधान में संशोधन करके लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए. वहीं, शिवराज सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्वदेशी अपनाने और वन नेशन वन इलेक्शन का संकल्प भी दिलाया. केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, मंत्री हो या सरकारी कर्मचारी इन सभी को जनता का काम करना चाहिए या चुनाव प्रचार में जाना चाहिए..? बार-बार चुनाव से जनता के काम बंद हो जाते हैं और चुनाव की तैयारियां शुरू हो जाती है. इन चुनावों में भारी-भरकम धन भी खर्च होता है.

अगर हम पिथले 5 साल के ही चुनाव देखें तो चुनाव में 4.5 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए हैं. ये पैसा किसी भी राजनैतिक दल का नहीं, बल्कि जनता का पैसा है, यह हमारा पैसा है जो किसी अच्छे काम में लग सकता था. ये तो केवल चुनाव आयोग के माध्यम से सरकारी खजाने का पैसा है, इसके अलावा राजनैतिक दल भी खर्च करते हैं. उम्मीदवार भी खर्च करता है. चुनाव प्रचार में गाड़ियां लगती है, पेट्रोल, डीज़ल जलता है. गाड़ियों के धुएं से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है और ध्वनी प्रदूषण भी होता है. चुनाव आते हैं तो अर्धसैनिक बलों की ड्यूटी लग जाती है.

## बयान

### बिहार के दो नए बड़े प्रोजेक्टों को मंजूरी दी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा

# बिहार के उद्यमी विकसित भारत की राह में शामिल हो

**पटना, 11 सितंबर. वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास की ओर बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि एक समय था जब बिहार में भ्रष्टाचार सुर्खियों में था और आज आधारभूत संरचनाओं की योजनाएं, औद्योगिक विकास दिखाई दे रहा है.**



एक प्रकार से यहां विकास की लहर दिखाई दे रही है. उन्होंने दावा किया एक बार फिर से बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनेगी. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बिहार के दो नए बड़े प्रोजेक्टों को मंजूरी दी गई है. इसमें मोकामा मुंगेर चार लेन हाईवे 4500 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा और भागलपुर दुमका रामपुर हाट की रेलवे लाइन में दूसरा ट्रैक बनाना है. उन्होंने कहा कि बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो का निर्माण हो रहा है. एनडीए का संकल्प बिहार को विकसित बनाना है, बिहार को सुख-समृद्ध बनाना है. आज जो प्रगति दिख रही है, वह बिहार के उज्जवल भविष्य की प्रतीक है. गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार ने 11 सालों में अपने संकल्प को पूरा किया है. उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं. मोदी ने कहा था कि समावेशी विकास के बिना भारत विकसित नहीं हो सकता. इस कारण उनका पूरा जोर उत्तरी पूर्वी राज्यों के विकास पर लगा है.

बिहार इस दौरान नई योजनाओं के कारण आगे बढ़ा है. गोयल ने कई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में नए मेडिकल कॉलेज खोले गये, गरीब लोगों को मकान मिले हैं और सही मायने में समाज मे ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसकी चिंता मोदी ने नहीं की. उन्होंने जीएसटी में बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि सभी उपयोगी चीजों में करों की कटौती कर मूल्यों में कमी की गई है. इससे मूल्य कम होंगे तो मांग बढ़ेगी और फिर उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे.

# इंडोनेशिया में बाढ़ से 19 लोगों की मौत

**जकार्ता, 11 सितंबर ( वार्ता ).** इंडोनेशिया के बाली द्वीप और पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में कई दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी के बाली कार्यालय के प्रवक्ता गुस्ती अयु केतुत विजयंती ने गुरुवार को एक समाचार एजेंसी को बताया कि द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में 13 लोगों की मौत हो गयी और छह लोग लापता हो गए. कई इलाकों में बाढ़ और 18 स्थानों पर भूस्खलन की भी खबरें हैं. देश की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी ने बताया कि बाली के कुछ हिस्सों में 150 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई.

# अपहृत इजराइली-रूसी शोधकर्ता एलिजाबेथ को किया त्सुर्कोव रिहा

**बगदाद, 11 सितंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इराकी मिलिशिया द्वारा कई महीनों तक कैद और यातनाएं झेलने वाली एक इजराइली-रूसी शोधकर्ता एलिजाबेथ त्सुर्कोव को रिहा कर दिया है.**



अब वह अमेरिका में सुरक्षित हैं. सोशल मीडिया पर अपने एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा है, मुझे बताते हुए यह खुशी हो रही है कि प्रिंसटन की छात्रा एलिजाबेथ त्सुर्कोव को कताइब हिज्जुबुल्लाह ने रिहा कर दिया है. अब वह इराक में अमेरिकी दूतावास में सुरक्षित हैं. इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने त्सुर्कोव की रिहाई के कुछ ही देर बाद ही इसकी पुष्टि कर दी. वह मार्च 2023 में इराक में तब लापता हो गई थीं जब एक रिसर्च यात्रा के सिलसिले में वहां गई हुई थीं. इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कई महीनों बाद कहा कि उन्हें ईरान समर्थित कताइब हिज्बुल्लाह ने बंदी बना रखा था. सुदानी ने एक्स पर लिखी पोस्ट में कहा त्सुर्कोव की रिहाई कई महीनों तक हमारी सुरक्षा सेवाओं द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए प्रयासों का परिणाम थी.

# अमेरिका में स्कूल में गोलीबारी, दो जख्मी

**लॉस एंजिल्स 11 सितंबर.** अमेरिका के कोलोराडो में स्थित एवरग्रीन हाई स्कूल में एक 16 वर्षीय छात्र ने अपने दो सहपाठियों को गोली मारकर जख्मी कर दिया और खुद को भी गोली मार ली. जेफरसन काउंटी शेरिफ कार्यालय की प्रवक्ता जैकी केली ने बताया कि डेनेवर के पश्चिमी रॉकी माउंटेंस में स्थित एवरग्रीन स्कूल में एक छात्र पिस्तौल से अपने दो सहपाठियों पर गोली चला दी, फिर उसने उसी पिस्तौल से खुद को भी गोली मार ली. घायल छात्रों में से एक की स्थिति काफी गंभीर है, जबकि दूसरे छात्र की स्थिति सामान्य है. अभी तक इस हमले के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.